हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, गुरुवार 13 जून 2024


तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 28.0 डिग्री

13 राजिम में ट्रैफिक भगवान भरोसे, लोगों को...



14 शिविर लगाकर छूटे हितग्राहियों ...






REGISTRATION OPEN

PHARMACY
D.PHARMA-B.PHARMA
M.PHARMA

NURSING
B.SC./POST BASIC/
M.SC.NURSING, GNM

SHRI RAWATPURA SARKAR GROUP OF INSTITUTIONS

7222910430/41


## जनपद सदस्य सफीक बर्खास्त, पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी फॉर्म को पहुंचाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मजरकट्टा क्षेत्र के जनपद सदस्य सफीक खान को धारा 40 के तहत बर्खास्त कर दिया है। सफीक खान के विरुद्ध ग्राम मालगांव के ग्रामीणों ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए खुद की फर्म को लाभ पहुंचाने एवं सरकारी राशि कर गबन का आरोप लगाया था।

विभागीय जांच में आरोप की पुष्टि होने के बाद जिला पंचायत सीईओ के प्रतिवेदन के आधार पर जनपद सदस्य के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। बर्खास्त होने के बाद अब 6 साल तक सफीक खान किसी प्रकार का चुनाव नहीं लड़ पाएंगे।

जानकारी के मुताबिक जानकारी के मुताबिक 1 साल पहले ग्राम मल गांव के ग्रामीणों ने जनपद सदस्य सभी खान के विरुद्ध विभिन्न पंचायत के गौठानों एवं चारागाह में जिला खनिज न्यास निधि मद से स्वीकृत नलकूप खनन कार्य को बिना मापदंड के पंचायत में दबाव बनाकर करवाने तथा जनपद पंचायत के विभिन्न योजनाओं की राशि को बिना कुछ कार्य के ही दबाव बनाकर स्वयं के नाम से चेक जारी कर गबन किए जाने की शिकायत की थी। इसके अलावा जनपद पंचायत गरियाबंद के सामान्य प्रशासन समिति के अनुमोदन के बगैर ही सरकारी राशि आहरण की शिकायत भी जनपद सदस्य के विरुद्ध की गई थी। विभागीय जांच में विभागीय जांच में आरोप सिद्ध होने के बाद जिला पंचायत सीईओ गरियाबंद द्वारा जांच प्रतिवेदन के साथ जनपद सदस्य सफीक खान को बर्खास्त करने का प्रतिवेदन कलेक्टर गरियाबंद को भेजा गया था जिसके आधार पर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 अंतर्गत कार्यवाही करते हुए जनपद सदस्य को बर्खास्त किया।

जानकारी के मुताबिक जनपद सदस्य सफीक खान द्वारा जनपद पंचायत में उपयोग किए गए वाहन के किराया, सरकारी काम में लगे टेंट का किराया और जनपद सीईओ के वाहन किराया अपनी स्वयं की फर्म केजीएन ट्रांसपोर्ट का बिल लगाकर लगभग दो लाख 33 हजार 400 रुपए की राशि का हरण कर लिया गया था। इसके 20 दिसंबर 2021 में वाहन किराया के नाम पर 32300 रुपए, 8 मार्च 2022 में राजिम माघी मेला आयोजन के दौरान उपयोग किए गए वाहन किराया, 25 मार्च 2021 में सरपंच सम्मेलन टेंट किराया 115100 रुपए, 31 मार्च 2022 में वाहन किराया 24000 हजार रुपए, 11 अप्रैल 2022 में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत के वाहन दौरा हेतु किराया 16500 रुपए कुल दो लाख 33 हजार 400 रुपए की राशि का स्वयं की फर्म केजीएन ट्रांसपोर्ट का बिल लगाकर फर्म के खाते में ही भुगतान कराया गया। शिकायत जांच में इसकी पुष्टि होने के बाद प्रशासन ने कार्रवाई की है।

### सामान्य प्रशासन समिति के अनुमोदन बिना राशि भी आहरण की थी



**2 लाख 33 हजार की होगी वसूली: कलेक्टर**

कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने बताया कि जनपद सदस्य सफीक खान के विरुद्ध पद में रहते हुए सरकारी कामों का जनपद पंचायत में दबाव बनाकर स्वयं के नाम से धनादेश जारी किया गया था। यह पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40 अंतर्गत का दोषयुक्त है, इसलिए बर्खास्त कर दिए गया है। इसके साथ 2 लाख 33 हजार 400 रुपए वसूली करने के निर्देश भी दिए है।

## खबर संक्षेप

### विधायक इंद्रकुमार 16 को रहेंगे पारागांव प्रवास पर



**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ हिंदू पिंजारा केसरिया समाज द्वारा 16 जून को आयोजित संत कबीर प्राकट्य उत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में विधायक इंद्रकुमार साहू मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। अध्यक्षता समाज के प्रदेश अध्यक्ष रेखचंद लौतरे करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका के पूर्व अध्यक्ष विजय गोयल,मंडल अध्यक्ष उमेश यादव,भाजपा के युवा नेता किशोर देवांगन,समाज के उपाध्यक्ष रवि कुमार साखरे,कोषाध्यक्ष संतोष चौधरी, प्रदेश सचिव खिलेंद्र नागरिया,पूर्व जनपद सदस्य मनीषा साखरे,सरपंच गिरवर रात्रे मौजूद रहेंगे। समाज द्वारा एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि 16 जून को सुबह 10 बजे सतगुरू कबीर साहेब जी की पूजा आरती। 11 बजे पहंदा के मंडली द्वारा भजन। कबीर आश्रम कोरबा के श्री ज्ञानेश्वर शास्त्री साहेब का प्रवचन और शाम 4 बजे अतिथियों का स्वागत,संबोधन व प्रतिभा सम्मान समारोह होगा। शाम 6 बजे चौका आरती। कार्यक्रम कबीर कुटी पारागांव में रखा गया है।

### अवैध शराब की बिक्री जोरों पर, कार्रवाई नहीं होने से माफिया के हौंसले बुलंद

**मुड़ागांव(कोरासी)।** गरियाबंद जिले के छुरा थाना क्षेत्र के ग्राम मुड़ागांव,फिगेंश्वरी के कमारपारा,करपीदादर,लोहझर, नवाडिही, जरगांव, देवगांव, पीपरछेड़ी,कमारपारा,पटेल पारा,चादापारा, बम्हनी,कमारपारा आदि ग्रामों में महुआ शराब की अवैध बिक्री जोरों से की जा रही है। वही मुड़ागांव में कमार पारा मे महुआ शराब और बस स्टैंड और बस्ती में देशी अंग्रेजी शराब की बिक्री जोरों से किया जा रहा है ग्रामीणों ने बताया की छुरा थाना क्षेत्र के ग्रामो में अवैध शराब बिक्री जोरों से किया जा रहा है। जिससे शराबी खुलेआम कही भी शाम होते ही बैठकर शराब पीते हैं। गांव गली में नशें में धुत होकर गाली गलौज करते हुए गांव की माहौल को बिगाड़ने लगे हैं। गांव गांव में अवैध शराब की बिक्री से छोटो बच्चों पर प्रभाव पड़ रहा है। छोटे बच्चे शराबी को देख शराब की आदि हो रहें हैं। कार्रवाई नहीं होने से शराब माफिया के हौंसले बुलंद है। जिसको देखते हुए ग्रामीण महिलाओं ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग शासन प्रशासन से की है।

**समस्या: 6 करोड खर्च कर 2 साल पहले लगाए गए अधिकतर प्लांट बंद**

## फ्लोराइडयुक्त पानी से सैकड़ों ग्रामीण बीमार सात साल पूर्व की जांच, समस्या यथावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले के देवभोग तहसील अंतर्गत 40 गांव में फ्लोराइड की अधिकता की पुष्टि 7 साल पहले हो गई थी। समस्या का समाधान नहीं किया गया। नांगलदेही गांव में हर घर में मिले प्रभावित, 5 साल के बच्चे से लेकर 55 साल के बुजुर्ग पर दिखा फ्लोराइड का असर। ग्रामीणों का दावा 700 की आबादी वाले गांव में 300 से ज्यादा लोगों पर फ्लोराइड का असर। 60 से ज्यादा ऐसे जिनकी हड्डियों में आई है समस्या। तीन साल पहले स्कूलों में लगे वाटर सोर्स की जांच में इसका खुलासा हुआ था। इसके बाद पीएचई विभाग ने सभी 40 स्कूलों में 6 करोड़ रुपए खर्च कर फ्लोराइड रिमूवल प्लांट लगवाया, इनमें से 9 ऐसे जो सोर्स व अन्य तकनीकी खामियों के कारण शुरू भी नहीं हो सके जबकि ज्यादातर प्लांट 3 से 4 माह चले और देखरेख के अभाव में बंद हो गए। पिछड़े डेढ़ साल से ग्रामीणों के पास फ्लोराइडयुक्त पानी पीने के अलवा कोई दूसरा विकल्प नही है।

- अब तक पीने के पानी का दूसरा विकल्प नहीं बन पाया







### नांगलदेही में 300 से ज्यादा पर फ्लोराइड का असर

फ्लोराइड प्रभावित गांव में सबसे उपर नाम नांगलदेही का आता है। तीन साल पुरानी रिपोर्ट के मुताबिक यहां के सोर्स में मिनिमम 6 पीपीएम से ले कर अधिकतम 14 पीपीम तक फ्लोराइड होने की पुष्टि हुई है। सामान्य सोर्स में 1.5 पीपीएम से कम तक मानव शरीर के लिए ठीक माना गया है। पिछले 6 साल से कमर टेढ़ा होने की बीमारी झेल रहे मधु सूदन नागेश बताते हैं कि बढ़े हुए फ्लोराइड की जानकारी सबको है पर विकल्प का किसी ने इंतजाम नहीं किया। कुंए के पानी में भी फ्लोराइड की 6 पीपीएम की मात्र है। नागेश बताते है उनके तीन बच्चे है तीनो के दांत पीले हैं। पूरे गांव में 200 से ज्यादा बच्चे युवा दांत पीले होने के शिकार हो चुके हैं। मंचू यादव 58 , इशो नेताम 39,टिकम नागेश 55,दयाराम पटेल52, दया नेताम 53,वैदेही बाई 52 उनके पति उगरे 60,बालमत 62,पद्मनी 35 वर्ष समेत गांव में 100 से ज्यादा वयस्क ऐसे है जिन्हे हड्डी संबंधी विकार का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का दावा है कि 700 की आबादी वाले इस गांव में 300 से ज्यादा ग्रामीणों पर फ्लोराइड का असर स्पष्ट नजर आ रहा है। जांच की गई तो और भी बातें सामने आएंगी।

### फ्लोराइड रिमूवल प्लांट सफेद हाथी साबित हो रहा

स्कूल सोर्स के जांच रिपोर्ट के बाद पूर्ववर्ती सरकार ने 14.50 लाख प्रति प्लांट के दर से 40 प्लांट की मंजूरी दे दी। जून 2021 में आशीष बागड़ी नाम के फर्म से अनुबंध कर कार्य आदेश भी जारी किया। 6 प्रतिशत एवं में आसानी से काम मिला हुआ था। फर्म को प्लांट शुरू होने से पहले भुगतान भी करते गए, प्रतिमाह मेंटेनेंस व भारी देखरेख वाले इस प्लांट के मेंटेंनेंस कैसे किया जाएगा ध्यान नहीं दिया। 2022 में काम पूरा होते होते ज्यादातर प्लांट बंद होते गए। नए अफसर आए तो मेंटेंनेंस की मंजूरी के लिए सरकार के पास फाइल बढ़ा दिया। पर अब तक इसकी मंजूरी नहीं मिली है। करोड़ों के प्लांट अब सफेद हाथी साबित हो रहे हैं। नांगलदेही के अलावा कई स्कूल में भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर मुंबई से भी आरओ वाटर प्लांट लगाए गए हैं, जिसकी भी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### बेखबर है स्वास्थ्य विभाग–

डॉक्टर सुनील रेड्डी, बीएमओ नांगलदेही ने कहा कि किसी भी ग्रामीण ने इलाज के लिए संपर्क नहीं किया है। अगर ऐसा है तो जांच कराते हैं। पीड़ित मिलेंगे तो आवश्यक उपचार कराया जाएगा।

### जल्द मरम्मत कराएंगे: कार्यपालन अभियंता

गरियाबंद पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता पंकज जैन ने देवभोग क्षेत्र के कई ग्रामों में फ्लोराइड का केस मिलने के बाद साफ पानी ग्रामीणों को मिले इसलिए प्लांट लगाया गया है। सन 2022 में 40 ग्रामो में प्लांट लगाया गया था, कई स्थानों पर पैनल चोरी हो गया है। कहीं पर पम्प खराब है। उन्होंने बताया कि इसकी मरम्मत के लिए टेंडर लगाया गया है। अचार संहिता के कारण कार्य रूक गया था जल्द ही मरम्मत कार्य कराया जाएगा । एक दो दिन के भीतर कार्य आदेश जारी कर सभी को ठीक कराया जाएगा।

## पीईटी एवं पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 13 जून को प्रथम पाली में पी.ई.टी. प्रवेश परीक्षा प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 बजे तक ली जाएगी। द्वितीय पाली में पी.पी.एच.टी. प्रवेश परीक्षा अपरान्ह 2 बजे से शाम 5.15 बजे तक आयोजित की गई है, जिसके लिए गरियाबंद जिले में 2 परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। जिसमें शासकीय वीर सुरेन्द्र साय महाविद्यालय गरियाबंद में प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली की परीक्षा आयोजित होगी। शासकीय बालक उ.मा.शाला गरियाबंद में सिर्फ द्वितीय पाली की ही परीक्षा आयोजित की जायेगी। प्रथम पाली पी.ई.टी. में 288 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली पी.पी.एच.टी. में 600 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे। परीक्षार्थियों को स्वयं के पहचान हेतु वोटर आईडी, आधार कार्ड, ई-आधार कार्ड, पेनकार्ड, ड्राईविंग लाईसेस की मूल प्रति इत्यादि के साथ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा जारी किया गया प्रवेश पत्र साथ में लेकर उपस्थित होने कहा गया है। मूल पहचान पत्र के अभाव में परीक्षा हाल में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। परीक्षा हाल में मोबाइल, केल्कुलेटर, डिजीटल घड़ी एवं कंपास या पाउच लाना लाना वर्जित है। परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में एक घंटे पूर्व उपस्थित होने के निर्देश दिये गये हैं।

परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने डिप्टी कलेक्टर विशाल कुमार महाराणा को नोडल अधिकारी एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख श्री मुका राम नाग को सहायक नोडल अधिकारी बनाया है। जिला प्रशासन द्वारा दोनों परीक्षा केन्द्रों में एक-एक ऑब्जर्वर नियुक्त कर दिया गया है। साथ ही नकल प्रवृत्ति रोकने हेतु तीन सदस्यीय जिला स्तरीय उड़नदस्तादल दल का भी गठन किया गया है।

- जिले में दो परीक्षा केन्द्र बनाए गए
- प्रथम पाली पीईटी में 288 परीक्षार्थी एवं द्वितीय पाली पीपीएचटी में 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे

## सुपेबेड़ा को मिली डायल 108 एम्बुलेंस की सौगात

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

- मरीजों को डायलिसिस कराने अस्पताल जाने में होगी सुविधा
- सुपेबेड़ा में किडनी की बीमारी से पीड़ित मरीजों की संख्या है अधिक

छत्तीसगढ़ सरकार ने गरियाबंद जिले के किडनी रोग से प्रभावित सुपेबेड़ा गांव में पृथक से एक एम्बुलेंस प्रदाय कर किडनी मरीजों को बड़ी राहत दी है। सुपेबेड़ा के किडनी मरीजों को सप्ताह में या माह में नियमित रुप से डायलिसिस करवाने हेतु स्वयं के खर्च से वाहन व्यवस्था कर या बस से लम्बी दूरी की यात्रा तय कर जिला अस्पताल गरियाबंद तक आना-जाना पड़ता था।

जिससे उन्हें और उनके परिवार को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। शासन द्वारा सुपेबेड़ा को 1 एम्बुलेंस की सौगात मिल गई है। सुपेबेड़ा में ही 108 एम्बुलेंस की सुविधा उपलब्ध हो जाने से किडनी के मरीजों को डायलिसिस करवाने या अन्य किसी आपातकालीन चिकित्सा सहायता हेतु त्वरित रूप से देवभोग या जिला चिकित्सालय गरियाबंद निःशुल्क परिवहन की सुविधा प्राप्त होगी और समय पर उनका उपचार हो सकेगा।

उल्लेखनीय है कि बीते दिनों राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के एमडी डॉ. जगदीश सोनकर के साथ कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित सीएमएचओ डॉ. गार्गी यदु पाल और डॉक्टरों की विशेष टीम ने सुपेबेड़ा का दौरा किया था। वहां के मरीजों के समस्याओं से रूबरु होने के बाद शासन-प्रशासन को अवगत कराकर उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने का आश्वासन दिया था, जिसका परिणाम है कि 108 एम्बुलेंस सुविधा मरीजों हेतु उपलब्ध कराई गई। डायल 108 एम्बुलेंस आपातकालीन परिस्थितियों में 108 नम्बर डायल करते ही कुछ ही मिनटों में जरूरतमंद को आवश्यक चिकित्सा सहायता के साथ निकट के अस्पताल तक पहुंचाने के लिए मरीज तक पहुंच जाती है। एम्बुलेंस सेवायें जरूरतमंद लोगों को आपातकालीन चिकित्सकीय सहायता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भुमिका निभाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में जहां आवागमन की सुविधा कठिन होता है। वहां के लोगों के लिये भी 108 एम्बुलेंस सुविधा बहुमुल्य चिकित्सा सहायता प्रदान कर रही है।

### बालश्रम अधिनियम के उल्लंघन पर कई प्रतिष्ठानों को नोटिस

**गरियाबंद।** जिला गरियाबंद के क्षेत्रान्तर्गत संचालित समस्त प्रतिष्ठानों, निर्माण कार्य स्थल होटल, ढाबा, पेट्रोल पम्प, उद्योग, कारखाने, ईंट भट्टा एवं विभिन्न वाणिज्यिक स्थापनाओं पर बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधित अधिनियम 2016 के अन्तर्गत माह जून 2024 में बाल श्रम के रोकथाम कराये जाने। संलिप्त बाल श्रम मुक्त कराए जाने जिला में गठित टॉस्क फोर्स द्वारा निरीक्षण एवं रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है। श्रम पदाधिकारी गरियाबंद ने बताया कि विकासखण्ड फिंगेश्वर, मैनपुर, गरियाबंद और छुरा क्षेत्रान्तर्गत गठित टॉस्क फोर्स में शामिल शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, चाइल्ड लाइन (1098), पुलिस विभाग एवं जन साथी के ⏭ शेष पेज 13 पर

- जिला टॉस्क फोर्स द्वारा चलाया गया रेस्क्यू अभियान

## विभिन्न वार्डों के 156 नागरिकों का बनाया आयुष्मान कार्ड



हरिभूमि.न्यूज ⏭ फिंगेश्वर

नगर पंचायत के विभिन्न वार्डों में 12 जून को नगर पंचायत, स्वास्थ विभाग,आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिनों आदि के सहयोग से कैंप लगाकर प्रथम दिन 156 आयुष्मान कार्ड बनाया गया। कैंप में विभिन्न विभागों अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। कार्ड को लेकर वार्ड 9 यात्री प्रतिक्षालय बस स्टैंड में 43, प्राथमिक शाला मौलीपारा में 44, प्राथमिक शाला दर्रीपारा 27 एवं नगर पंचायत कार्यालय फिंगेश्वर मे 39 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया है। काम को लेकर नगर पंचायत के सीएमओ संतोष विश्वकर्मा ने कार्ड बनवाने निगरानी करते रहे। वहीं पर स्वास्थ विभाग के बीटीओ योगेश पराना,आरएचओ सुधा नायक,डोमन नायक सहित कर्मचारियों ने अपनी सेवाएं दी है। सीएमओ संतोष विश्वकर्मा नगर के नागरिकों से जिनके आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, वे 15 जून तक कैंपों में भाग लेकर कार्ड बनवा सकते हैं।

- कैंप के पहले दिन विभागों के अफसर-कर्मी रहे मौजूद

## प्रवासी पक्षी पहुंचे, मानसून आने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

मानसून आने का संदेश लेकर साइबेरिया प्रवासी पक्षियों का आगमन छुरा नगर में हो चुका है। नगर के शीतला मंदिर ,बजरंग चौक, वन विभाग के पेड़ों में प्रतिवर्ष सैकड़ों किलोमीटर दूर से ये प्रवासी पक्षी बरसात के पूर्व आते हैं। मई जून में आने वाले इन पक्षियों का बसेरा नगर में चार-पांच माह रहता है। यह मौसम उनके प्रजनन काल का होता है। बारिश के पश्चात ये पक्षी अपनी वंश वृद्धि के पश्चात अक्टूबर- नवंबर में पुनः वापस अपने गंतव्य की ओर चले जाते हैं। नगर ⏭ शेष पेज 13 पर

- साइबेरिया से आए पक्षी, रहेंगे लगभग पांच माह



### किसानों के मित्र हैं ये पक्षी

ग्रामवासियों का कहना है कि ये पक्षी किसानों के मित्र भी होते हैं। फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीट पतंगों को अपना भोजन बनाकर फसलों की रक्षा करते हैं। नगर के समाजसेवी शीतल ध्रुव ने वन विभाग के वनमंडलाधिकारी से अपील करके कहा कि प्रवासी पक्षियों का संज्ञान लेकर नगर में पर्यावरण मित्रों, नगर सेवकों, ग्राम समिति, पुलिस प्रशासन ,वन विभाग कर्मचारियों की बैठक लेकर उनकी रक्षा की दायित्व सौंपें।

**अनुविभाग स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन**

## 90 प्रतिशत से अधिक मतदान वाले केंद्रों के कर्मियों को प्रशस्तिपत्र देकर किया सम्मानित

**मैनपुर।** अनुविभाग मुख्यालय मैनपुर नगर के जनपद पंचायत सभाकक्ष में आज बुधवार को अनुविभाग स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। लोकसभा चुनाव निर्वाचन 2024 में स्वीप प्रोग्राम के तहत जिस पोलिंग बूथ में 90 प्रतिशत या उससे अधिक मतदान हुआ है उस पोलिंग बूथ के सभी कर्मचारियों तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, महिला बाल विकास सुपरवाइजर, मितानिन, ब्लॉक समन्वयंक, आंगनबाडी कार्यकर्ता, कोटवार, बीएलओं, ग्राम पंचायत सचिव तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह में मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम, तहसीलदार श्रीमती जॉली जैम्स, प्रभारी तहसीलदार रमाकांत कंवर, नायब तहसीलदार तरेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे। इस दौरान एसडीएम तुलसीदास मरकाम ने मैनपुर ब्लॉक में कुल 16 पोलिंग बूथ में 90 प्रतिशत से उपर मतदान हुआ था। इसमें कार्यरत 205 कर्मचारियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने कहा आप सभी के लगातार प्रयास और जन जागरुकता, मतदाता जागरुकता अभियान चलाने के कारण ज्यादा से ज्यादा लोग मतदान करने पहुंचे। उन्होंने सभी से आयुष्मान कार्ड एवं पौधारोपण कार्य में भी लोगो को जागरूक करने की अपील की।



### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्रमुख रूप से महिला बाल विकास सुपरवाइजर लीलावती सेन, विजय रात्रे, पार्वती नागेश, नरेश ध्रुव, गुलशन यद्, रामेश्वरी ठाकुर, वासुदेवकरण मौर्य, संतोष गुप्ता सहित बड़ी संख्या में अधिकारी- कर्मचारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटवार, बीएलओ, पटवारी उपस्थित थे ।


पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

## खबर संक्षेप



### वेणुगोपाल से सुबोध की भेंट

**रायपुर।** सुबोध हरितवाल, छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस महामंत्री की मंगलवार को एआईसीसी संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल से नई दिल्ली स्थित निवास में मुलाकात हुई। राज्य की संगठनानात्मक चर्चा के साथ केरल के अलापुझा लोकसभा से सांसद चुने जाने पर उन्हें शुभकामनाएं दी।

### अनियमित कर्मचारी महासंघ ने केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन को दी शुभकामनाएं



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ से तोखन साहू को केंद्रीय राज्य मंत्री बनाने पर छग संयुक्त अनियमित कर्मचारी महासंघ के पदाधिकारियों ने बधाई दी। इसी दौरान महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष रवि गढ़पाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा चुनाव के दरमियान मोदी की गारंटी में अनियमित कर्मचारी के लिए 100 दिन के भीतर कमेटी बनाने का विषय रखा गया था, जिसे 100 दिन के भीतर पूर्ण कर दिया गया। महासंघ के पदाधिकारी ने आगे निर्णय लिया कि लोकसभा चुनाव में भी भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया जाना चाहिए। इस के लिए महासंघ की ओर से लिखित में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के नाम से समर्थन पत्र भी जारी किया गया।

### म्यूकरमाइकोसिस के उपचार में मददगार साबित होगा एम्स का रिसर्च



**रायपुर।** दुनियाभर में म्यूकरमाइकोसिस के उपचार और अनुसंधान में एम्स में किया गया रिसर्च मददगार साबित होगा। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान को म्यूकरमाइकोसिस (ब्लैक फंगस) के उपचार प्रबंधन पर 'अरोड़ा-नागरकर वर्गीकरण' का कॉपीराइट प्रदान किया गया है। यह वर्गीकरण ब्लैक फंगस के बेहतर उपचार और इसके परिणामों में दुनियाभर के ईएनटी विशेषज्ञों के लिए गाइड का कार्य करेगा। इससे रोगियों को ब्लैक फंगस के प्रथम चरण में ही और अधिक बेहतर चिकित्सा प्रबंधन प्राप्त होने की उम्मीद है। यह वर्गीकरण ईएनटी विभाग के प्रो. रिपुदमन अरोड़ा, पूर्व निदेशक प्रो. नितिन एम. नागरकर, डॉ. आकाश अग्रवाल, प्रो. रेनू राजगुरु, डॉ. नील प्रभा सहित अन्य चिकित्सकों के शोध पर आधारित है। प्रो. अरोड़ा ने बताया कि इसकी मदद से ईएनटी चिकित्सक ब्लैक फंगस के प्रकार, उपचार और संभावित परिणामों के बारे में पूर्वानुमान लगा सकेंगे। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में रोगियों के डेटा से कई अनुसंधान के बाद यह कॉपीराइट प्राप्त किया गया है।

# स्टेशनों में 'वोकल फॉर लोकल' का विजन हुआ ठप कारीगरों का नहीं बिक रहा सामान, स्टॉलों में ताला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय रेलवे बोर्ड ने वोकल फॉर लोकल' विजन को बढ़ावा देने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत 27 स्टेशनों में लगभग 31 स्टाल लगाए हैं, ताकि स्थानीय उत्पादों और कारीगरों को प्रोत्साहन मिल सके। स्टॉल में स्थानीय कपड़ों, हस्तशिल्प, मिट्टी से निर्मित वस्तुएं, हथकरघा, बांस के उत्पाद, वनोपज आदि को बढ़ावा देना था। रायपुर रेलवे स्टेशन में योजना से जुड़े स्टॉल में लंबे समय से ताला लगा हुआ है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है, जबकि योजना के तहत नाममात्र शुल्क के साथ स्थानीय उत्पादों को हर एक महीने के लिए यह व्यवस्था उपलब्ध कराई जानी थी, इसके बाद दूसरे कलाकारों को मौका देना था, ताकि अधिक से अधिक कलाकारों और उत्पादों को मौका मिल सके, लेकिन स्टॉल में एक महीने के बाद भी दूसरे स्थानीय कारीगरों को मौका ही नहीं मिल पाया है। रेलवे के अधिकारियों का कहना है लोग कारीगरों का सामान नहीं खरीद रहे, इसलिए स्टॉल बंद हो चुके हैं। योजना पूरी तरह से ठप होती जा रही है।

**वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत एक महीने के बाद दूसरे कारीगरों को उत्पाद बेचने देना था मौका**

### रुपए के अभाव में दब जाती है प्रतिभा

शिल्पकार और हथकरघा के उत्पाद काफी अच्छे होते हैं, लेकिन पैसे के अभाव में कई बार कारीगर अपने उत्पादों का विज्ञापन पर ज्यादा खर्च नहीं कर पाते। इस कारण उनके अच्छे उत्पाद स्थानीय लोगों की जानकारी में नहीं आते। ऐसे में रेलवे स्थानीय उत्पादों को पहचान दिलाने के लिए योजना शुरू की थी, लेकिन इस योजना का लाभ स्थानीय कलाकारों को मिल नहीं रहा है। रेलवे को हर महीने दूसरे कारीगरों को उत्पाद के लिए मौका देना है, लेकिन स्टॉल लंबे समय से अधिक बंद होने के कारण कारीगरों का प्रोत्साहन भी रुक गया है।




### व्यवस्था में सुधार करेंगे

स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट योजना के तहत स्टॉल में कारीगरों के सामान की बिक्री नहीं होने से बंद है। जल्द कारीगरों के साथ बैठक कर समझने का प्रयास करेंगे कि दिक्कत कहां आ रही है। व्यवस्था में सुधार करने का प्रयास करेंगे।

*- अवधेश कुमार त्रिवेदी, सीनियर डीसीएम*

### सामान की बिक्री नहीं होने से स्टॉल बंद

रायपुर रेलवे स्टेशन में वन स्टेशन वन प्रोडक्ट का स्टॉल बस्तर हस्तशिल्प को दिया गया था, लेकिन यह स्टॉल महीनेभर से बंद बताया जा रहा है। रेलवे के अधिकारी के मुताबिक यह स्टॉल एक महीने के लिए दिया गया था, लेकिन समय पूरा होने के बाद भी योजना के तहत इस स्टॉल में दूसरे कारीगरों को मौका नहीं मिला। रेलवे के अधिकारी को भी पता नहीं है कि स्टॉल लंबे समय से किस वजह से बंद है। जानकारी के मुताबिक सामान की बिक्री नहीं होने से कारीगर ने स्टॉल खोलना बंद कर दिया है। ऐसी ही हाल सरोना स्टेशन और मंदिर हसौद स्टेशन का भी है। यहां भी स्टॉल लंबे समय से बंद बताया जा रहा है। रेलवे कारीगरों को स्टॉल देकर भूल चुका है। इन स्टॉलों को चालू करने नई व्यवस्था भी नहीं बना रहा है।

# विधायक निधि से बने सामुदायिक भवन पर स्थानीय लोगों का कब्जा, सालभर से जमे हुए

हरिभूमि सरोकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किसी भी वार्ड की कालोनी या मोहल्ले में शासकीय खर्च पर सामुदायिक भवन का निर्माण इसलिए किया जाता है कि उस क्षेत्र के रहवासियों को शादी का रिसेप्शन, जन्मदिन या अन्य किसी भी तरह का कार्यक्रम आयोजित करने के लिए दूसरे वार्ड में जाने की जरूरत नहीं पड़े। सामुदायिक भवन का किराया भी बहुत न्यूनतम रखा जाता है, जिससे गरीब परिवार पर भवन किराया का ज्यादा भार नहीं पड़ता। शहर में ऐसे सामुदायिक भवन लगभग हर वार्ड में भी बने हैं, जिसका लोग उपयोग भी करते हैं, लेकिन जोगी नगर में बनाए गए सामुदायिक भवन पर पिछले एक साल से कुछ स्थानीय रहवासियों ने न केवल कब्जा कर रखा है, बल्कि उसे अपना घर बनाकर रहने भी लगे हैं। इसके कारण इस भवन में सालभर से कोई कार्यक्रम भी आयोजित नहीं हो पाया है। कार्यक्रम के लिए भवन को मांगने वालों को कब्जा करने वाले भवन में मरम्मत कार्य का बहाना बनाकर लौटा देते हैं।

### विधायक निधी की राशि से बना है सामुदायिक भवन

कांग्रेस शासन के कार्यकाल में पूर्व विधायक कुलदीज जुनेजा ने विधायक निधि से सिविल लाइन वार्ड स्थित जोगी नगर में स्थानीय लोगों की मांग पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था। लगभग 6 लाख रुपये की लागत से बने इस भवन का निर्माण होने के बाद इस भवन में कई कार्यक्रम भी आयोजित हो चुके हैं, लेकिन पिछले एक साल से इस भवन पर स्थानीय कुछ लोगों ने कब्जा कर रखा है। इस भवन में कब्जा करने के साथ लोग रहने भी लगे हैं। इसके अलावा भवन के हाल में भवन निर्माण की सामग्री भी रखी हुई है। हरिभूमि ने यहां रहने वाले कुछ लोगों से भी बातचीत की। इस दौरान नाम नहीं बताने की शर्त पर उन लोगों ने बताया सामुदायिक भवन में सालभर से कोई भी कार्यक्रम आयोजित नहीं हुआ है, क्योंकि भवन को मोहल्ले का एक परिवार अपना घर बनाकर रखा हुआ है।

### इसलिए कोई इवेंट भी नहीं



### विधायक ने कहा- मुझे जानकारी नहीं

इस भवन का निर्माण कराने वाले पूर्व विधायक कुलदीप जुनेजा ने कहा कि उन्होंने स्थानीय लोगों की मांग को देखते हुए यहां सामुदायिक भवन का निर्माण कराया था, लेकिन भवन पर किसी ने कब्जा कर रखा है। इसकी जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर कब्जा किया गया है, तो यह गलत है। इसकी नगर निगम में शिकायत करानी चाहिए। इस मामले में वार्ड की पार्षद नीलम जगत से भी मोबाइल पर संपर्क साधा गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई।

### सामुदायिक भवन पर नाम तक लिखा नहीं

जोगी नगर के गली में बने सामुदायिक भवन में किसी भी प्रकार का नाम नहीं है, जिससे यह पता चले कि यह सामुदायिक भवन है। हरिभूमि की टीम को भी सामुदायिक भवन तब मिला जब स्थानीय लोगों ने उस भवन की पहचान बताई। सामुदायिक भवन किस नाम से बना है, भवन की दीवार पर कोई नाम नहीं लिखे होने तथा यहां एक परिवार के रहने के कारण यह भवन सामुदायिक भवन की तरह नहीं, बल्कि किसी व्यक्ति का मकान की तरह दिखाई दे रहा है।

# स्कूल और छात्र आमने सामने, अब प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **बगैर मान्यता संचालित हो रहे केपीएस स्कूल में छात्रों ने किया था प्रदर्शन**

केपीएस स्कूल प्रबंधन और छात्रों के मध्य मामला अब थाने तक पहुंच गया है। स्कूल प्रबंधन ने जहां छात्रों के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, तो वहीं छात्रों ने एसपी से मुलाकात करके शाला प्रबंधन पर डराने-धमकाने का आरोप लगाया है। मंगलवार को यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई कार्यकर्ताओं द्वारा गैर जमानतीय धाराओं में दर्ज हुई एफआईआर के मामले में निष्पक्ष जांच के लिए एसपी संतोष कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इसके पहली केपीएस स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों के खिलाफ थाने में विभिन्न धाराओं को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई थी। छात्रों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय में भी पूरे मामले को लेकर धरना-प्रदर्शन किया गया था।

### फर्जी एफआईआर का आरोप

एनएसयूआई का कहना है कि गैर मान्यता स्कूल अभी भी स्कूल संचालन कर रहे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भी इन पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। ऐसे स्कूल जो मान्यता नहीं है, उनके खिलाफ शिकायत करने पर भी एफआईआर नहीं की जा रही है। एनएसयूआई के पदाधिकारियों पर फर्जी एफआईआर कर डराने की कोशिश की जा रही है ताकि ऐसे गैर मान्यता स्कूल आसानी से अपना शिक्षा का व्यापार चला सकें। इस मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग यूथ कांग्रेस और एनएसयूआई ने की है। यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष आकाश शर्मा समेत, कांग्रेस प्रवक्ता विकास तिवारी, एनएसयूआई संगठन महामंत्री हेमंत पाल, प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित अन्य इस दौरान मौजूद रहे।

**यह है मामला :** केपीएस पर बगैर मान्यता कई ब्रांच संचालित करने का आरोप छात्रनेताओं द्वारा लगाया गया था। इसे लेकर छात्रनेताओं द्वारा इस वर्ष की शुरुआत से ही मोर्चा खोला गया है। आरोप-प्रत्यारोप के बाद जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा जांच कमेटी भी बैठाई गई थी। छात्रों का कहना है कि निष्पक्ष जांच किए बगैर ही स्कूल प्रबंधन को नए सत्र में दाखिले की अनुमति दे दी गई है। छात्रों द्वारा इसके विरोध मे केपीएस स्कूल तथा जिला शिक्षा कार्यालय में प्रदर्शन किए गए।

# विजन डॉक्यूमेंट अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन के लिए मंत्रियों-विधायकों से वित्तमंत्री ने मांगे सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित एवं योजना मंत्री ओपी चौधरी ने विकसित भारत की तर्ज पर विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना को साकार करने 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047 के लिए जनप्रतिनिधियों और आम लोगों से सुझाव मांगे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने सभी मंत्रियों और विधायकों को पत्र लिखकर विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने सुझाव देने का आग्रह किया है। सुझाव 30 जून तक मंगाए गए हैं। सुझाव लिखित में या फिर वेब पोर्टल मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ के जरिए दिए जा सकते हैं।

### एक नवंबर को जारी होगा विजन डॉक्यूमेंट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने साल 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना की है। इस परिकल्पना को साकार करने छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र 2024 में घोषणा की गई थी कि राज्य स्थापना दिवस एक नवंबर 2024 को राज्य का विजन डॉक्यूमेंट 'अमृतकालः छत्तीसगढ़ विजन 2047'जारी कर प्रदेश की जनता जनार्दन को समर्पित किया जाएगा। राज्य शासन ने विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का जिम्मा राज्य नीति आयोग को सौंपा है। इस संबंध में आयोग द्वारा सभी विभागों, सेक्टर विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया जा रहा है।

### सुझाव देने के लिए वेब पोर्टल

योजना मंत्री चौधरी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से भी विकसित छत्तीसगढ़ की उनकी परिकल्पना साझा करने के लिये आयोग ने एक वेब पोर्टल 'मोर सपना-मोर विकसित छत्तीसगढ़ तैयार किया गया है। इसके जरिए वे अपने सुझाव दे सकते हैं।

# सीएम युवा स्वरोजगार के लिए दो गुना आवेदन मंजूर, उद्योग मंत्री ने की विभागीय समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- **जमीन लेकर उद्योग नहीं लगाया, आवंटन होगा निरस्त**

छत्तीसगढ़ के उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन की मौजूदगी में मंगलवार को हुई विभागीय समीक्षा बैठक में यह जानकारी सामने आई है कि युवाओं के बीच मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना में युवाओं की दिलचस्पी है। इस योजना के लिए 600 का लक्ष्य रखा गया था, लेकिन सरकार ने करीब दो गुना आवेदनों को मंजूरी दी है। इस समीक्षा बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्योग स्थापना के नाम पर जमीन लेने के बाद भी उद्योग नहीं लगाने वाले उद्योगपतियों को नोटिस जारी कर जमीन आबंटन की प्रक्रिया निरस्त करने की कार्रवाई करें। मंगलवार को सर्किट हाऊस रायपुर में प्रदेश के सभी जिलों के उद्योग और व्यापार केन्द्र के प्रबंधकों, सीएसआईडीसी के अधिकारियों व उद्योग संचालनालय के उच्च अधिकारियों की बैठक लेकर उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने इस आशय के निर्देश दिए।

बैठक में उद्योग विभाग के सचिव अंकित आनंद, संचालक उद्योग पी अरुण प्रसाद सहित जिलों से आए अधिकारी एवं उद्योग संचालनालय के अधिकारी उपस्थित थे। उद्योग मंत्री कहा कि चुनाव के आदर्श आरचण संहिता के दौरान जो कार्य लंबित थे, उसे प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करें। इसके साथ ही औद्योगिक दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए वाष्पयंत्र निरीक्षकालय की समीक्षा के दौरान कहा कि अधिकारी समय-समय पर बायलर का निरीक्षण करते रहें।

### सीएम स्वरोजगार के लिए 1129 आवेदन मंजूर

विभाग के योजनाओ में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के तहत 2023–24 में 1024 लक्ष्य की तुलना में अब तक 1252 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत 600 लक्ष्य की तुलना में 1129 आवेदन स्वीकृत किए गए। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा कौशल योजना के तहत अब तक एमएसएमई रायपुर द्वारा अब तक 10798 लोगों को ट्रेनिंग दी जा चुकी है। इस कार्य में मंत्री श्री देवांगन ने तेजी लाने के निर्देश दिए गए।भू आबंटन के 758 प्रकरणों को स्वीकृत किया गया, 30 पेंडिंग मामलों को भी जल्द निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

# दिल्ली से लौटे बृजमोहन, भव्य स्वागत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पीएम मोदी के शपथ ग्रहण में शामिल होने के बाद सांसद बृजमोहन अग्रवाल नई दिल्ली से रायपुर लौट आए। उन्होंने कहा, जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। दिल्ली से लौटने पर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं और ढोल नगाड़े के साथ भव्य स्वागत किया। महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने भी उनकी आरती उतारी। बृजमोहन अग्रवाल ने सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, मैं रायपुर की जनता और कार्यकर्ताओं को धन्यवाद और बधाई देता हूं।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने मंत्री नहीं बनाए जाने के सवाल पर कहा, मैं शुरू से कहता रहा हूं कि पद और प्रतिष्ठा आने जाने वाली चीज है, परंतु जो कार्यकर्ता और जनता का प्यार और आशीर्वाद है, वह परमानेंट है। जिस दिन पार्टी का निर्देश होगा उस दिन विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा।

**अभी प्रदेश संगठन में किसी तरह से बड़े फेरबदल के आसार नहीं**

# भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के पहले प्रदेश में मंडल स्तर से प्रारंभ होगी चुनावी प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा का चुनाव निपटने के बाद भाजपा के राष्ट्रीय संगठन से लेकर राज्यों के संगठनों में चुनाव होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल 30 जून को समाप्त हो रहा है। वैसे भी उनको मोदी कैबिनेट में लिया गया है। उनके स्थान पर फिलहाल तो किसी को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया जाएगा। इसके बाद स्थाई अध्यक्ष के चुनाव से पहले सभी राज्यों में प्रदेश संगठन के चुनाव होंगे। छत्तीसगढ़ में भी मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया पूरी करके प्रदेश संगठन के चुनाव कराए जाएंगे। ऐसे में फिलहाल प्रदेश संगठन में कसी तरह का अभी बदलाव होने की संभावना नहीं है।

बीते साल छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव के डिप्टी सीएम बनने के बाद उनके स्थान पर प्रदेशाध्यक्ष का जिम्मा विधायक किरण देव को दिया गया।



इसी के साथ प्रदेश संगठन के तीनों महामंत्री केदार कश्यप, ओपी चौधरी, विजय शर्मा के चुनाव जीतने के कारण उनके स्थान पर नए महामंत्री बनाए गए। किरण देव की कार्यकारिणी में ज्यादा बदलाव नहीं किया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद आगे कार्यकारिणी में बदलाव की बात की गई थी। लेकिन फिलहाल किसी तरह के बड़े बदलाव के आसार नहीं हैं, क्योंकि अब भाजपा के नए राष्ट्रीय का चुनाव होना है। इस चुनाव के तय होने के साथ ही सभी राज्यों में भी चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

### मंडल स्तर से होंगे चुनाव

राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव से पहले प्रदेश संगठन में मंडल स्तर से चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। मंडल अध्यक्षों के चुनाव के बाद जिला अध्यक्षों के चुनाव होंगे। इसके बाद प्रदेशाध्यक्ष तय होगा। संभावना यही है कि भाजपा का राष्ट्रीय संगठन किरण देव को ही अध्यक्ष बनाए रखेगा, क्योंकि उनको अध्यक्ष बने ज्यादा समय नहीं हुआ है। जिलाध्यक्षों में कुछ बदलाव जरूर होंगे। इसी के साथ प्रदेश स्तर पर जरूर कार्यकारिणी में कुछ बदलाव होंगे। छत्तीसगढ़ के साथ सभी राज्यों में चुनाव की पूरी प्रक्रिया होने के बाद ही राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

**राज्य के सभी कलेक्टरों को जारी हुआ आदेश**

# अब नगरीय निकाय चुनाव की बारी, प्रदेश के सभी वार्डों का नए सिरे होगा परिसीमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लोकसभा चुनाव पूरे होने के बाद अब छत्तीसगढ़ में नगरीय निकायों के चुनाव की बारी है। ये चुनाव नवंबर-दिसंबर में होने हैं, लेकिन इससे पहले राज्य के सभी नगरीय निकायों के अंतर्गत आने वाले वार्डों का नए सिरे से परिसीमन कराया जाएगा। इस संबंध में राज्य निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को निर्देश दिए हैं, वार्डों के परिसीमन के बाद नई मतदाता सूची तैयार की जाएगी। जानकारों के मुताबकि नए परिसीमन से प्रदेश के बड़े नगर निगमों में वार्डों की संख्या बढ़ सकती है।

राज्य सरकार के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश जारी किया है। सरकार ने कहा है कि नगरीय निकायों का आम निर्वाचन नवंबर दिसंबर में होना है। नगर पालिका अधिनियम के मुताबित वार्डों की रचना इस प्रकार से की जाएगी कि हर वार्ड की जनसंख्या पूरे निकाय क्षेत्र में एक जैसी होगी तथा वार्ड में पूरा क्षेत्र संहृत क्षेत्र हों यानि समेटा हुआ होना चाहिए।

### इस तरह होगा परिसीमन

राज्य के सभी नगरीय निकायों का परिसीमन करने के लिए जारी निर्देश में कहा गया है कि परिसीमन किस प्रकार किया जाएगा। इसमें प्रस्तावित वार्ड के चारों दिशाओं की सीमा, मानचित्र शामिल होगा। इसमें प्रत्येक वार्ड की चारों दिशाओं को इस प्रकार दिखाया जाएगा कि वार्ड की सीमा स्पष्ट रूप से अलग-अलग दिखाई दे। जनसंख्या संबंधी पत्रक जिसमें पिछली जनगणना के प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार नगर पालिका क्षेत्र की कुल जनसंख्या, अनुसूचित जाति, जनजाति, की कुल जनसंख्या, राज्य सरकार द्वारा संबंधित नगर पालिका क्षेत्र के लिए अवधारित वार्डों की कुल संख्या तथा इसके आधार पर हर वार्ड की औसत जनसंख्या शामिल होगी।

### ऐसे होगा वार्डों का विभाजन

वार्डों के विभाजन के संबंध में निर्देश हैं कि हर वार्ड की औसत जनसंख्या, हर वार्ड के सम्मिलित क्षेत्र के हिसाब से अंतिम अधिसूचना प्रकाशित की जाएगी। इसमें उत्तर में, पूर्व में, दक्षिण में, पश्चिम में वार्ड की सीमा दर्शाई जाएगी। वार्डों का क्रमांक तथा नाम, जनसंख्या संबंधी पत्रक, पिछली जनसंख्या में प्रकाशित आंकड़ो के अनुसार निकाय क्षेत्र की जनसंख्या संबंधी पत्रक तैयार किया जाएगा। इसमें कुल जनसंख्या अनुसूचित जाति तथा जनजाति की कुल संख्या बताई जाएगी। प्रत्येक प्रस्तावित वार्ड की जनसंख्या तथा उसमें एससी-एसटी की जनसंख्या के आंकड़े लिखे जाएंगे। इस प्रक्रिया के दौरान वार्डों की सीमा निर्धारण संबंधी प्रारंभिक प्रकाशन करना होगा। इसके बाद प्राप्त आपत्तियों- सुझावों का निराकरण होगा। वार्ड विभाजन संबंधी अंतिम अधिसूचना का प्रारूप तैयार कर उसका प्रकाशन किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### युवक के साथ तीन लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** जेब से पैसा निकालने से मना करने वाले युवक पर तीन लोगों ने मारपीट की। आरोपियों ने युवक को रॉड और पेचकस से वार करते हुए घायल कर दिया। रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस ने मामले में जुर्म दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। पुलिस को प्रार्थी रूपेश पटेल पिता व्यास नारायण पटेल निवासी वार्ड नं 12 ग्राम खैरा ने बताया कि 11 जून को लगभग 10.30 बजे मैं अपने दादी के घर गुडरूपारा महासमुंद गया था। चाची दुकान के सामने मैं अपने साथी प्रतीक साहू, तोमेन्द चंद्राकर के बैठकर आपस में बातचीत कर रहा था। वहीं कुछ दूरी पर लाला निषाद, अमित निषाद और पप्पू निषाद बैठकर शराब पी रहे थे, तभी आरोपी अमित निषाद मेरे जेब में हाथ डालकर पैसा निकालने लगा। जब मैने उसे मना किया तो उसने गालियां देनी शुरू कर दी। इसी बीच उसके साथी व आरोपी लाला निषाद और पप्पू निषाद वहां आकर मुझसे हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे।

पेज 11 के शेष

### बालश्रम अधिनियम ...

अधिकारी-कर्मचारी द्वारा रेस्क्यू अभियान किया गया। उक्त अभियान के दौरान विभिन्न संस्थानों में दृष्टिगोचर स्थल, सूचना पटल पर "बाल एवं किशोर श्रम (प्रतिषेध) अधिनियम का सारांश" की जानकारी, प्रदर्शित किया जाना नहीं पाया गया। जिसके कारण उक्त संस्थानों को बाल श्रम (प्रतिषेध और विनियमन) संशोधित अधिनियम 2016 अन्तर्गत धारा 3 एवं 14 के विनिदिष्ट (सूचना अप्रदर्शित) उल्लंघन किये जाने के संबंध में कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी कर कार्यालयीन 7 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया है। अभियान के दौरान किसी भी स्थापनाओं, संस्थानों में बाल, किशोर श्रमिक कार्यरत नहीं पाया गया है।

### प्रवासी पक्षी पहुंचे...

में आये इन पक्षियों को सुरक्षित रखना ,आंधी तूफान व शिकारी से बचाना हर नागरिक, जनप्रतिनिधि ,वन विभाग के कर्मचारियों का कर्तव्य है। दूर देश से आये ये पक्षी नगर की शुभ समृद्धि का प्रतीक माना जाता है। इनके संरक्षण एवं संवर्धन में सहभागिता बने व उपद्रवियों और इन पक्षियों को नुकसान पहुंचाने वाले तत्वों से इनका रक्षण करें ।

# शांति और धैर्य की शिक्षा देता है योग, सनातन संस्कृति का अहम हिस्साः धनंजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रतिदिन योग करना चाहिए। योग ऋषि मुनियों के अनमोल देन है। सनातन संस्कृति का अहम हिस्सा है। निरोग रहने हेतु प्रत्येक व्यक्ति को योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाना होगा और दूसरों को भी अपनाने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। योग शांति और धैर्य के साथ जीवन की चुनौतियों से निपटने में सक्षम बनाता है। नियमित योग अभ्यास से सुरीले कण्ठ की प्राप्ति होती है। संगीत की साधना भी योग ही है। उक्त बातें एससीईआरटी के राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर शंकर लाल यदु एवं पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अर्जुन धनंजय सिन्हा ने संगीत प्रशिक्षण कार्यशाला में कहा। संस्कार भारती समूह द्वारा सरस्वती शिशु मंदिर महासमुंद में छह दिवसीय संगीत कार्यशाला का वृहद आयोजन किया गया था। जिसमें 75 प्रशिक्षार्थियों ने तबला, हारमोनियम, बैंजो, वायलिन, आर्गन, पैड, बांसुरी वादन की कला सीखी। प्रशिक्षण में श्रीरामचरितमानस कथा के सरस व्याख्यान एवं गायन की भी शिक्षा दी गई। महज 8 वर्ष के बालपन से लेकर युवा और बुजुर्गों ने बड़े आनंद के साथ संगीत साधना का अभ्यास किया। उक्त प्रशिक्षण में गरियाबंद जिला के योगरत्न शंकर लाल यदु ने योग की बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि योग मात्र एक शारीरिक व्यायाम ही नहीं बल्कि संपूर्ण चिकित्सा विज्ञान है। योग बहुत विराट है और उसमें विश्व की समस्त समस्याओं का समाधान है।




**श्वसन तंत्र मजबूत बनाने कराया आसन :** पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी योगविद अर्जुन धनंजय सिन्हा ने श्वसन तंत्र को मजबूत करने हेतु ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, भुजंगासन, गोमुखासन, उष्ट्रासन, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, उज्जायी, बाह्य प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए कहा कि इन आसन और प्राणायाम के नियमित अभ्यास से श्वसन क्रिया को सुचारू रूप से क्रियाशील कर श्वसन क्रिया की दर को नियमित व सुदृढ़ करता है। हृदय एवं श्वास संबंधी रोगों, सर्दी-खांसी, जुकाम, एलर्जी, साइनस, कफ रोग, थायराइड, ट्रांसिल रोग दूर होते हैं। जीवन शक्ति में वृद्धि होती है। योगारत्न शंकर लाल यदु द्वारा पाचन संस्थान को दुरुस्त करने हेतु मंडूकासन, शशकासन, योग मुद्रासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, नौकासन, मयूरासन, अर्धमत्स्येंद्रासन, ताड़ासन, तिर्यक ताड़ासन, कटिचक्रासन, तिर्यक कटिचक्रासन, भुजंगासन, वज्रासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, बाह्य प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि पाचन संस्थान का कार्य हमारे द्वारा ग्रहण किए गए भोजन को तरल पदार्थों में परिवर्तित करके रक्त में अवशोषण कर शरीर को ऊर्जा देना है।

**योगाचार्यों का किया गया अभिनंदन :** कार्यक्रम के सफल आयोजक एवं मानस मंचों के सरस सारथी वेदप्रकाश निर्मलकर एवं मनीष चंद्राकर ने योग की महत्वपूर्ण शिक्षा देने के लिए योगाचार्यों का आत्मीय अभिनंदन किया। प्रशिक्षार्थियों ने बड़े उत्साह के साथ योगाभ्यास का लुत्फ उठाया। प्रशिक्षार्थियों ने संगीतबद्ध सुगम गायन के साथ गीत प्रस्तुत कर अपने अंदाज में योग प्रशिक्षकों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## समस्या: लोगों का कहना, पुलिस नहीं दे रही व्यवस्थित करने में ध्यान


# राजिम में ट्रैफिक भगवान भरोसे, लोगों को खुद समझना व सुधरना होगा वर्ना होती रहेंगी दुर्घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा में ट्रैफिक की समस्या इस कदर बिगड़ी हुई हैं कि इस पर पुलिस का ध्यान ही नहीं जा रहा हैं। नगर का सदर इलाका तो मुश्किलों भरा रहता ही हैं। सिर्फ एक चार पहिया वाहन गुजरने से ही या तो रास्ता जाम हो जाता हैं या फिर चार पहिया के पीछे-पीछे धीरे-धीरे चलना पड़ता हैं। सदर बाजार को चौड़ा भी नही किया जा सकता क्योंकि गुंजाइस ही नहीं हैं पर गंज रोड की चौड़ाई ऐसी हैं कि बहुत आराम के साथ डिवाइडर के दोनो तरफ दो-दो चार पहिया वाहन एक साथ निकल सकती हैं। लेकिन एक व्यापारिक नगर होने के नाते बड़े ट्रक से लेकर मेटाडोर,माजदा तथा पिकअप व छोटा हाथी जैसे कई गाड़ियां दुकान और गोदाम के सामने सामान उतारते हैं और चढ़ाते भी हैं। सड़क कंजस्टेड हो जाती हैं। कई गाड़ियां तो वहीं पर धीरे- धीरे रिवर्स भी करते हैं, इससे भी जाम की नौबत आती है।

■ जगह- जगह लगता है जाम, वाहन नहीं मिल पाते

बता दें कि नगर में पुलिस नाम की चीज नहीं हैं कहे तो कोई गलत भी नहीं होगा। जाम से पुलिस को कोई मतलब ही नही हैं। थाना, बस्ती से काफी दूर हैं लिहाजा बीच रोड में खड़ी रहने वाले वाहनों को न कोई बोलने वाला हैं और न ही कोई टोकने वाला। वैसे भी लोग सुधरने का नाम ही नहीं लेते। आने-जाने वाले लोगो को कितनी परेशानियों का सामना करना पड़ता है इससे उन्हें कोई मतलब नहीं। यदि कोई धोखे से भी इस पर बोल दिया तो समझो झड़प होना तय है। इसलिए लोग हमें क्या करना है ऐसा सोचकर आगे बढ़ लेते है। ये तो हुई 10-5 मिनट के लिए दुकान के सामने गाड़ी खड़ी करने वाली बात। पर कुछ ऐसे प्वाइंट है जहां सुबह से लेकर देर शाम तक दोपहिया वाहनो की भरमार बीच सड़क पे खड़ी रहती है। नगर पालिका के सामने मेन रोड में यूनियन बैंक है और थोड़ा आगे जाओ तो इसी साईड स्टेट बैंक। इन दोनो बैंक के सामने दर्जनों की संख्या में दुपहिया वाहन सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बेतरतीब ढंग से खड़े रहते हैं जिससे बैंक वालो को कोई मतलब नहीं है। कुछ वर्ष पहले नवापारा थाने में आए एक टीआई ने इस पर सुधार लाया था। बैंक प्रबंधन को उन्होंने साफ कह दिया था कि अपने ग्राहकों को बोल के रखे कि गाड़ियां सामने बेतरतीब ढंग से न खड़ी करे वर्ना पुलिस कार्रवाई करेगी तो हमारी जिम्मेदारी नहीं होगी। उस समय के बैंक मैनेजर ने बाकायदा ग्राहकों को ताकीद किया था कि अपने दोपहिया वाहनों को खड़ी न करे। हालांकि ज्यादा दिन तक लोग इसका पालन नहीं किए और उस समय के पुलिस अधिकारी ने कईयों गाड़ियों को थाना ले जाकर कार्रवाई किया। तो कईयो को चेतावनी देकर छोड़ा भी। स्टेट बैंक के सामने रोड डिवाईडर के कुछ हिस्से को पैक न करके इसलिए छोड़ा गया है कि इमरजेंसी के समय दोपहिया वाहन ईधर से उधर क्रास करके आगे बढ़ सकते है। परंतु इस छोड़े हुए हिस्से में गाड़ियां दिन भर के लिए खड़े करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं। नगर के सदर और गंज रोड की ही नही है। प्रवेश स्थल से लेकर मेन रोड में भी यही हालात है। रात में तो सड़क के दोनों तरफ बड़ी-बड़ी ट्रकें खड़ी हो जाती है। रात में चलने वाले लोग ऐसे प्वाइंटो पर जरा संभलकर चलते है और संभलकर न चलने वाले दुघर्टनाग्रस्त हो जाते है।






**दुर्घटना के कई पाइंट पर रोक के उपाय नहीं**

नवापारा एक ऐसा शहर है जहां कैंचीफांस रोड की भरमार है। कदम-कदम पे ऐसे पाइंट में दुर्घटना होती रहती है। जरा सी नजर चुकी तो समझो दुर्घटना होना तय है। ऊपर से तुर्रा यह कि लावारिश मवेशियां भी बीच सड़क में ही बैठती है। इस पर जागरूकता अभियान चलाने और सुधारने-सुधरने की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? शहर में ट्रैफिक पुलिस का न तो पोस्ट है और न ही इसके लिए कोई जवान तैनात है।जो भी करना है, रेगुलर बल के जवान को करना है।थाना यहां से किलोमीटर भर दूर है। पुलिस की पेट्रोलिंग गाड़ी आती भी है तो उनके सामने भी यह प्रश्न उठता है कि आखिर एकाएक कैसे कार्रवाई करे?

# जनसहयोग से आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए मिले 20 कूलर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के अपील पर जनसहयोग से महिला एवं बाल विकास विभाग को 20 कूलर समाज सेवकों द्वारा प्रदाय किया गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आज कलेक्टोरेट परिसर में प्राप्त कूलर को 20 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपा। इस दौरान कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्राप्त कूलरों का व्यवस्थित रख-रखाव करते हुए, सुरक्षित रूप से उपयोग करने के निर्देश दिये। यह कूलर फिंगेश्वर, छुरा तथा गरियाबंद के आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रदाय किया गया है। उक्त कूलर उन्ही आंगनबाड़ी केन्द्रों को प्रदान किया गया है, जहाँ पूर्व से विद्युत कनेक्शन उपलब्ध है। कूलर प्रदान करने के दौरान संयुक्त कलेक्टर राकेश गोलछा, डीपीओ अशोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

■ कलेक्टर अग्रवाल ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सौंपे कूलर

जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि आंगनबाड़ी की सेवाएं वर्ष में 300 दिवस अनिवार्य रूप से देनी होती है। जिसके फलस्वरूप भीषण गर्मी में भी आंगनबाड़ी केन्द्रों को शासन के द्वारा बंद नहीं किया जाता है। अत्यधिक गर्मी के कारण आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों की उपस्थिति प्रभावित होती है तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता द्वारा स्कूल पूर्व अनौपचारिक शिक्षा देने में काफी कठिनाई होती है। कलेक्टर श्री अग्रवाल के द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान गर्मी को देखते हुए आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए जनसहयोग से कूलर प्रदाय करने की अपील की थी। इसी तारतम्य में जन सहयोग से 20 कूलर आंगनबाड़ी केन्द्रों के लिए प्राप्त हुए। प्राप्त कूलरों में से फिंगेश्वर को 08, छुरा को 08 एवं गरियाबंद को 04 नग कूलर प्रदाय किया गया। इस दौरान उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने कूलर उपलब्ध करवाने के लिए कलेक्टर श्री अग्रवाल का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया।

# जल संरक्षण जागरुकता अभियान में महिलाओं की रहेगी सक्रिय भागीदारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जल संरक्षण की दिशा में केन्द्र सरकार द्वारा चलाये जा रहे महत्वपूर्ण कार्यक्रम जल शक्ति अभियान के तहत गरियाबंद जिले में भी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। जल बचाव के लिए महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की शुरूआत जिले में हो गई है। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा और कार्य योजना के संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने आज विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जल संरक्षण के संबंध में जन जागरूकता लाने एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन के संबंध में लोगों को जागरूक करने महिलाओं की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने बैठक में जल संरक्षण एवं संवर्धन, जिले के जल निकायों की गणना एवं जियो टैगिंग, जल शक्ति केन्द्रों की स्थापना, वृहद वृक्षारोपण, निष्क्रिय जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने, छोटी नदियों-नालों को पुनर्जीवित करने एवं जल निकायों के आस-पास जल ग्रहण क्षेत्रों में वृहद स्तर पर पौधारोपण करने की कार्य योजना की जानकारी ली।

■ विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जल बचाव के लिए लोगों को करेंगी प्रेरित

■ कलेक्टर ने नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान की कार्य योजना के संबंध में ली बैठक

उन्होंने कहा कि नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान जल बचाव के लिए महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने केन्द्र सरकार का महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसके तहत महिलाओं को जल संरक्षण के उपाय बताकर अपने आस-पास के लोगों को भी जल संरक्षण के लिए जागरूक करने के लिए प्रेरित किया जायेगा। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्व सहायता समूह की महिलाओं के माध्यम से जल शक्ति से नारी शक्ति अभियान में जुड़ने के लिए प्रेरित करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती रीता यादव, ईई जल संसाधन विभाग एस.के बर्मन, ईई पीएचई पंकज जैन, ईई पीडब्ल्यूडी अनुज शर्मा, डीपीओ डब्ल्यूसीडी अशोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### होंगे विविध आयोजन

नारी शक्ति से जल शक्ति अभियान अंतर्गत जिले में जल संरक्षण के लिए महिलाओं की जागरूकता रैली, जल दान, जल कलश यात्रा, जल धरोहर कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही जल सखी, जल मित्र एवं जल मितान बनाकर जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक किया जाएगा। इसी प्रकार जल संरक्षण से संबंधित नुक्कड़ नाटक, भाषण प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, प्रेरक नारों एवं संदेशों से संबंधित दीवाल राइटिंग भी की जाएगी। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने इस अभियान के तहत जिले में किये जाने वाले गतिविधियों की अच्छी से तैयारी कर गंभीरता एवं सक्रियता पूर्वक गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संरक्षण के लिए भवनों में वर्षा जल बचाव तंत्र स्थापित करने के लिए भी लोगों को जागरूक करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। यह अभियान नवम्बर 2024 तक चलाया जाएगा। इसमें जिले की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

# जल जीवन मिशन अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों को तेजी से करें पूरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने जिले में चल रहे विभिन्न कार्यों के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने जल जीवन मिशन के अंतर्गत चल रहे कार्यों को तेजी से पूर्ण करने के निर्देश दिये। साथ ही स्कूल, आंगनबाड़ी, छात्रावास एवं शासकीय अस्पतालों में भी नलजल कनेक्शन प्रदान करने निर्देश दिये। बैठक में ईई पीएचई सह सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन पंकज जैन ने जल जीवन मिशन के तहत रेट्रोफिटिंग नलजल, नवीन एकल ग्राम जल प्रदाय योजनाओं से संबंधित प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने मिशन के तहत जल परीक्षण के लिए एफटीके एवं एच2एस किट क्रय करने का प्रस्ताव पर चर्चा की। साथ ही नल जल योजनाओं के कार्योत्तर भुगतान एवं अनुमोदन पर भी चर्चा की।

जिला प्रयोगशाला के जल परीक्षण के लिए मल्टीपैरामीटर जल एनालाइजर के कार्यों के बारे में भी चर्चा की। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने मिशन अंतर्गत संचालित विभिन्न कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिये। इस दौरान ईई जल संसाधन विभाग एस.के बर्मन, ईई पीडब्ल्यूडी अनुज शर्मा, डीपीओ डब्ल्यूसीडी अशोक पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# इंजीनियरिंग व मेडिकल प्रवेश परीक्षा तैयारी के लिए आवेदन लेंगे 1 जुलाई तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

ड्राप लेकर इंजीनियरिंग एवं मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति के विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। इसके तहत अभ्यर्थियों को शासन की सहयोग से प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाई जायेगी। इच्छुक अभ्यर्थी 1 जुलाई 2024 अपरान्ह 4 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी अपना आवेदन कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग कक्ष क्रमांक 56 में जमा कर सकते हैं। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास गरियाबंद ने बताया कि आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिले के अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति वर्ग के कक्षा 12वीं उत्तीर्ण 100 अभ्यर्थियों का चयन किया जायेगा, जिसमें 64 अनुसूचित जनजाति व 36 अनुसूचित जाति के विद्यार्थी होंगे। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट का भी अवलोकन कर सकते हैं।

# वृद्धाश्रम व दिव्यांग बच्चों के विद्यालय को मिला अनुदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर दीपक अग्रवाल की पहल से जिले के वृद्धाश्रम एवं दिव्यांग बच्चों के विशेष विद्यालय को राज्य शासन की तरफ से विभागीय अनुदान की स्वीकृति मिली है।

इनमें समाज कल्याण विभाग से विभागीय मान्यता प्राप्त संस्था प्रेरक स्वैच्छिक संस्था द्वारा संचालित सक्षम दिव्यांग विद्यालय राजिम एवं सियान सेवा सदन वृद्धाश्रम आश्रम ग्राम-भिलाई शामिल है। शासन से अनुदान की स्वीकृति मिलने से आश्रम में निवासरत वृद्धजनों एवं दिव्यांग स्कूल के बच्चों को विशेष सुविधाओं का लाभ मिलेगा। साथ ही दिनचर्या के कार्यो में उपयोगी सामग्रियों की भी निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पहले कलेक्टर श्री अग्रवाल ने ग्राम भिलाई स्थित वृद्धाश्रम पहुंचकर बुजुर्गों का हाल-चाल जाना था। साथ ही वहां उपलब्ध सुविधाओं का भी जायजा लिया था। उन्होंने आश्रम में उपलब्ध सुविधाओं में वृद्धि के लिए शासन से अनुदान प्राप्ति के लिए अनुशंसा की थी, जिसके फलस्वरूप संचालक, समाज कल्याण संचालनालय माना कैम्प छ.ग. रायपुर द्वारा वृद्धाश्रम एवं सक्षम दिव्यांग विद्यालय के संचालन हेतु विभागीय अनुदान स्वीकृत किया गया है।

## स्कूल खुलने के पहले सभी व्यवस्थाएं बना लें

# नये सत्र की तैयारी, डीईओ ने ली संकुल प्राचार्यों व समन्वयकों की बैठक

हरिभूमि.न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शिक्षा में कसावट लाने के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत ने सहायक जिला सांख्यकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर,विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र जोशी एवं विकासखंड स्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा की उपस्थिति में विकासखंड फिंगेश्वर के संकुल प्राचार्यो एवं समन्वयकों की बैठक स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय फिंगेश्वर में ली।

इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी ए.के.सारस्वत ने कहा कि शिक्षा सत्र 18 जून से शुरू होने वाला है।सभी संस्था प्रमुख 18 जून से पूर्व अपनी शालाओं की साफ सफाई अनिवार्य रूप से करा लें। शाला खुलने से पहले शाला विकास समिति की आवश्यक बैठक लेते हुए विद्यालय में आवश्यक सामग्री जैसे फर्नीचर,डस्टर,चाक, टाटपट्टी आदि व्यवस्थित कर लें। सभी प्रधान पाठक मध्यान भोजन हेतु चावल,दाल की साफ सफाई करा लेंवें।सभी शिक्षक शाला में नियत समय तक उपस्थिति प्रदान करें। संकुल समन्वयक को स्पष्ट निर्देश दिया कि शिक्षा की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं होनी चाहिए।आप लोग सतत मानिटरिंग कर उच्च कार्यालय से प्राप्त आदेशों एवं दिशा निर्देशों का कड़ाई से पालन करे। शाला प्रवेशोत्सव हेतु स्थानीय जनप्रतिनिधि को अनिवार्य से आमंत्रित करें एवं इसके साथ साथ न्योता भोजन हेतु पालक एवं जनप्रतिनिधि को प्रेरित करें। जिन विद्यालय में पुस्तक की कमी हो उन्हें अन्य विद्यालय,संकुल केंद्र एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी से संपर्क कर पुस्तक की व्यवस्था कर लें। वही सी.जी.स्कूल पोर्टल में जिन स्कूल के शिक्षकों की प्रविष्टि नहीं हुआ हो वे अविलंब पूर्ण कर लेवे।



शाला प्रवेशोत्सव के दिन विद्यालय परिसर में कम से कम पांच पौधे अवश्य लगावे। सहायक जिला सांख्यिकीय अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि आप सभी शाला में रंगरोगन कर शाला परिसर व शौचालय,मूत्रलय की नियमित सफाई कराएं। वही जाति प्रमाण पत्र,शाला मॉनिटरिंग की संदर्भ में विस्तृत जानकारी देते हुए सभी छात्र छात्राओं की शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र बनना चाहिए जिससे कोई भी बच्चे छात्रवृत्ति से वंचित न हो। यू डाइस पोर्टल को पहले ऑफलाइन भरे तत्पश्चात उसे अच्छे से अवलोकन कर ऑनलाइन मे प्रविष्ट करे।

### ये रहे उपस्थित–

इस अवसर पर प्राचार्य एस. एस. कंवर,डी के सेवई,पूरन लाल साहू,मुकेश निर्मलकर,निरंजन तिवारी,नारायण ठाकुर,एम एल यदु,नारायण चंद्राकर,खुमान सिंह धुरव,संजय एक्का,के डी मानिकपुरी, वद्याभूषण साहू,संकुल समन्वयक भुवन यदु,दिनेश सोनी,चुम्मन सिन्हा,छगन दीवान सुखेन साहू,असीम श्याम हरित,धर्मेंद्र सिंह ठाकुर,पुराणिक ,अनिल सिन्हा,संतोष साहू सिन्हा,लुकेंद्र श्रीवास,आशीष सेन,अशोक सोनवानी,अनिल मेघवानी,डीहू रावत,गैंदू राम पटेल सहित ब्लाक ईकाई फिंगेश्वर के संकुल प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित थे।

# यादव समाज ने बच्चों की शिक्षा और महिला सशक्तिकरण पर दिया जोर

**झेरिया यादव समाज का शपथ ग्रहण, विधायक जनक राम ने सामाजिक भवन के लिए 5 लाख देने की घोषणा की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज गरियाबंद के पैरी सोढ़ूर चिखली परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह ग्राम चिखली में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक राम ध्रुव तथा अन्य अतिथियों में भुवन यदु, भुनेशवरी यदु विशिष्ट अतिथि श्रवण यादव, ठाकुर राम, गोवर्धन,रामचंद्र, पूनम,वीरू रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पन्नालाल कवर ,धनराज विश्कर्मा चिखली,मोहन निषाद उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीकृष्णा की आरती कर किया गया। उसके पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत - सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि विधायक जनक राम ध्रुव द्वारा सामाजिक भवन के लिए 5 लाख रुपया स्वीकृत किया गया। साथ ही अमरदीप के कार्यक्रम बांसगीत से खुश होकर नकद राशि प्रदान किया गया। राउत नाचा संस्कृति को बचाये रखने के लिए अमरदीप और यादव समाज को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि देश में ऐसा कोई गाँव नहीं, जहाँ यादव नहीं। अध्यक्षता कर रहे पन्नालाल कंवर द्वारा 5000 नकद राशि दी गई। समाज के अच्छे कार्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। भुवन यदु ने समाज को शिक्षित करने पर जोर दिया। वही भुनेश्वरी यदु ने महिला शशक्तिकरण पर जोर पर दिया ।कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन छबि लाला यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे गरियाबंद जिला से बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रेम नारायण यादव तथा मजरकट्टा के गणेश्वर यादव ने दी।



### इन पदाधिकारियों को दिलाई गई शपथ

पैरी -सोढ़ूर चिखली परिक्षेत्र के नव निर्वाचित पदाधिकारी संरक्षक रूपराम यादव चिखली ,अध्यक्ष छबि लाल यादव चिखली मनोज कुमार यादव सचिव चिखली उपाध्यक्ष हीरा लाल यादव जड़जड़ा,कोषाध्यक्ष पाराचंद यादव जड़जड़ा,प्रवक्ता ओमप्रकाश यादव चिखली,सहसचिव रामरतन यादव परागांव,सलाहकार कुशल यादव परागांव, भुलाऊ ,महेंद्र,अनूप यादव चिखली,संगठन मंत्री गणेशवर यादव मजरकटटा,संतोष केशोडार,पंच पीलू आमदी,भेनू चिखली,पप्पू चिखली, झूमुक पेंड्रा,प्रेम लाल परागांव,लेखराम मजरकाट्टा, कार्यकारणी सदस्य रामप्रसाद, ताराचंद,बउराम, खिलावन,रमेश को शपथ दिलाई गई। इनके अलावा महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष पूर्णिमा चिखली, उपाध्यक्ष गीता मजरकट्टा,कौशिल्या आमदी सचिव नोवीनो चिखली सदस्य तीजन, गीता, डेविसा यादव स्मिता यादव,हेमकुमारी,पुष्पा रेवती एवं समाज सेवक शंकर यादव इन सभी को शपथ दिलाई गई।



## खबर संक्षेप

### मुलाकात...



**नवापारा-राजिम।** युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन ने छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उनके रायपुर स्थित शासकीय आवास पहुंचकर मुलाकात कर जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। श्री देवांगन ने कहा कि वे कामना करते हैं कि श्री वर्मा का कार्यकाल नई उपलब्धियां भरा रहेगा।

### दिव्यांग विजय के लिए 50 हजार प्रोत्साहन राशि स्वीकृत

**गरियाबंद।** राज्य शासन द्वारा संचालित दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजनांतर्गत फिंगेश्वर के ग्राम कुम्ही निवासी दिव्यांग विजय कुमार टंडन पिता कैलाश कुमार टंडन के द्वारा दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया था। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आवेदन पर संवेदनशीलता से कार्रवाई करते हुए 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि स्वीकृति प्रदान की है। स्वीकृति मिलने से दिव्यांग श्री कुमार को शासन की योजना का लाभ मिल पाएगा। साथ ही यह राशि उनके स्वास्थ्य देखभाल एवं परिवार के आर्थिक जरूरतों को पूरा करने में भी काम आयेगा। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना का उद्देश्य दिव्यांगजनों के सामाजिक पुनर्वासन की दृष्टि से विवाह हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान करना है। विजय कुमार दृष्टिबाधित दिव्यांग है, उनकी दिव्यांगता 100 प्रतिशत है। दिव्यांग विवाह प्रोत्साहन योजना में एक व्यक्ति दिव्यांग होने पर 50 हजार तथा दंपति में दोनो दिव्यांग होने पर 1 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है।

### महुआ शराब जब्त, दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पिथौरा और बसना पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री के मामले में दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की है। पिथौरा पुलिस ने ग्राम मेमरा में रामेश्वर बरिहा पिता रतिराम बरिहा (40) निवासी अंसुला के कब्जे से 4000 एमएल महुआ शराब कीमत 800 रुपए जब्त किया है।

**बैठक:** कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

# शिविर लगाकर छूटे हितग्राहियों का आयुष्मानकार्ड आधार कार्ड, वन अधिकार व जाति प्रमाणपत्र बनाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



- लंबित प्रकरणों को शीघ्र निराकरण करने के दिए निर्देश
- समितियों से खाद-बीज वितरण की ली जानकारी

कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर विभागवार समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। साथ ही अधिकारियों को प्रकरणों के निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि केन्द्र एवं राज्य शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता के साथ करें। उन्होंने शिविर लगाकर छुटे हुए हितग्राही का आयुष्मान कार्ड, आधार कार्ड, वन अधिकार प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। इसके लिए संबंधित गांवों में पहले से मुनादी कराने और उन्हें शिविर स्थल पर जरूरी दस्तावेज लगने वाले जानकारी के बारे में बताएं।

कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूल के कराये जा रहे निर्माण एवं मरम्मत कार्यो को स्कूल खुलने से पूर्व गुणवत्ता के साथ पूरा कराने कहा। उन्होंने कहा कि शाला प्रवेश उत्सव के दिन स्कूलों में सभी जिला अधिकारी की ड्यूटी लगाएं ताकि अधिकारी स्कूलों का निरीक्षण कर वहां की गई व्यवस्था की जानकारी ले सकें। स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने के लिए स्कूल अवधि में विद्यार्थियों को भोजन प्रदाय करने के लिए सामुदायिक आधार पर तिथि भोजन के प्रावधान के अनुसार कराएं। उन्होंने वर्षा ऋतु के दौरान संबंधित विभाग के अधिकारियों को वृहद रूप से वृक्षारोपण करने के लिए प्रस्ताव उपलब्ध कराने के निर्देश दिएं। साथ ही वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को पौधारोपण के लिए तैयार किये गये पौधों की जानकारी ली। कलेक्टर ने किसानों की सुविधा के लिए सभी समितियों में पर्याप्त खाद-बीज का भण्डारण और वितरण की जानकारी ली। इस पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने बताया कि विगत वर्षो की अपेक्षा अभी तक किसानों ने पर्याप्त मात्रा में खाद, बीज का उठाव कर लिया है। समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज का भण्डारण किया गया है। कलेक्टर ने कहा कि निजी क्षेत्र के कृषि एवं दवाई दुकानों का भी सतत रूप से निरीक्षण करते रहे ताकि किसानों को सही खाद-बीज एवं दवाई मिल सके। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के उप निदेशक वरुण जैन, संयुक्त कलेक्टर नवीन भगत, राकेश गोलछा, पंकज डाहिरे, सर्व एसडीएम सहित जिला अधिकारी मौजूद थे।

### जिला अधिकारी आश्रम-छात्रावास का सतत निरीक्षण करें

बैठक में कलेक्टर ने कहा कि जिला अधिकारी आश्रम-छात्रावास का सतत निरीक्षण का प्रतिवेदन जिला कार्यालय में प्रस्तुत करे। श्री अग्रवाल ने सभी विभागीय अधिकारियों को कहा है कि विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा नियुक्ति के प्रकरणों के नियुक्ति की कार्रवाई करें। इसके लिए अभी से ही प्रकरणों की समीक्षा कर ले। विभिन्न कार्यालयों में अनाधिकृत रूप से लम्बे समय से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध कार्यवाही करे।

### प्रधानमंत्री आवास योजना के मकान निर्माण में तेजी लाएं

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने नगरीय निकाय के समीक्षा के दौरान कहा कि नगरीय क्षेत्रों में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाये जा रहे मकानों के निरीक्षण के लिए इंजीनियरों की ड्यूटी लगाने कहा। जिससे कि प्रगति लायी जा सके। नगरीय क्षेत्रों में वर्षा ऋतु आगमन के पूर्व नालियों एवं गलियों साफ-सफाई, बरसात के पानी के निकासी की व्यवस्था, जहां जरूरत है वहां सोख्ता गड्ढा बनाने, कचरा हटाने के निर्देश दिये। उन्होंने सीएमओ को गलियों का निरीक्षण करने के निर्देश दिये, ताकि बरसात के दिनों में बीमारी उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि नगरीय क्षेत्रों के अंतर्गत अवैध रूप से प्लाटिंग करने वाले के खिलाफ कार्रवाई करें।

# उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व सेंचुरी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता 15 से




हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

- उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व प्रबंधन का आयोजन

उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के ग्राम कोयबा में 15 एवं 16 जून को भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उदंती अभ्यारण्य के अंतर्गत आने वाले गांव के क्रिकेट टीमों को लेकर उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा पिछले 3 सालों से सेंचुरी ट्राफी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जा रहा है। ताकि वन विभाग और ग्रामीणों के बीच आपसी सामंजस्य स्थापित कर वन तथा वन्य प्राणियों को बचाने के लिए खेल के माध्यम से जन जागरुकता लाई जा सके। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10 हजार रुपए एंव सेंचुरी ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं सेंचुरी ट्राफी के साथ मैन आफ द सीरीज, मैन आफ द मैच, हैट्रिक छक्के, हैट्रिक चौका, हैट्रिक विकेट, अर्ध शतक पर नगर व आकर्षक पुरस्कार रखे गये हैं। इस दौरान मुख्य अतिथि प्रधान मुख्य वन संरक्षक सुधीर अग्रवाल, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक पे्रमकुमार , मुख्य वन संरक्षक उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व विश्वेस कुमार झा, उपनिदेशक उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व वरूण जैन, सहायक संचालक उदंती गोपाल , सहायक संचालक तौरेंगा, जगदीश प्रकाश दर्रो, सहायक संचालक सीतानदी एम आर साहू, डॉ. आरपी मिश्रा, उपवनमंडलाधिकारी देवभोग राजेन्द्र सोरी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी कर्मचारी एंव स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। क्रिकेट प्रतियोगिता को सफल बनाने अर्जुन नायक, रूपसिंह मरकाम, कन्हैया साहू, पुस्तम नेताम, विशाल सोरी, भानुप्रताप सिन्हा, मधुसिंह ओंटी, गोंविद यादव, कुंवर सिंह, टीकम नांगवंशी, हीरा सिंह, दीपक मंडावी, आंनद क"यप, नितेश सेन, ममता धु्रव, भूमिका यादव, मनोज कुमार धु्रव, गुलशन अग्रवाणी, पुनाराम साहू, केशव बंछोर, अशोक ठाकुर, धर्मेन्द सोनवानी, गंगाराम ठाकुर एंव उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व के वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं ग्रामीणजन लगे हुए है।

# अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मियों को नहीं मिला मानदेय

**फिंगेश्वर।** अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारी कल्याण संघ जिला गरियाबंद का आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। जिसके बाद बढ़े हुए मानदेय प्राप्त नहीं होने के संबंध में कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी पैकरा को ज्ञापन सौंपा गया।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए फिंगेश्वर ब्लॉक अध्यक्ष तरुण साहू ने कहा कि वित्तीय वर्ष 1 अप्रैल 2024 से मानदेय में 70 रुपये की वृद्धि हुई है लेकिन बढ़ा हुआ मानदेय प्राप्त नहीं हो रहा है। जिसको लेकर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र दिया गया है। इसके साथ ही यह चर्चा किया कि 18 जून से स्कूल चालू हो रहा है। इससे पहले ही स्कूल सफाई कर्मचारियों को बिना मानदेय के काम पर बुलाया जा रहा जबकि सफाई कर्मचारियों का मानदेय स्कूल खुलने के दिन से काम करने पर ही मिलता है। उससे पहले काम का कोई मानदेय प्राप्त नहीं होता है। सरकार द्वारा मानदेय प्रदान करने में यह भी विसंगति है कि जहाँ पर मिडिल व हाई स्कूल संयुक्त प्रांगण में संचालित है वहाँ के अंशकालिक सफाई



कर्मचारियों को पूरे सालभर का मानदेय मिलता है। प्राथमिक शाला व मिडिल स्कूल जो किसी भी हाईस्कूल प्रांगण के साथ संलग्न नहीं है वहां के अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारियों को 1 मई से 15 जून तक अर्थात डेढ़ महीने का मानदेय प्राप्त नहीं होता है। संस्थाओं द्वारा बिना मानदेय का सफाई काम करने दबाव बनाया जाता है। अंशकालिक स्कूल सफाई कर्मचारियों की मांग है कि उन्हें आठ घंटे काम के लिए पूर्णकालिक कर सालभर का मानदेय प्रदान किया जाए और अनावश्यक दबाव समाप्त किया जाए। इस अवसर पर कर्मचारी सदस्य,हेमसिंग साहू,दिनेश निशाद,खुमान राम पटेल,खेमू अड़ील,रामआसरा वर्मा,राजू बघेल,खिलावन साहू एवं सरंक्षक तेजराम विद्रोही उपस्थित थे।

### शासकीय कार्यालयों में राष्ट्रगान के पश्चात अब शुरू होगा काम

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर अनुविभाग अंतर्गत एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम की पहल से अब प्रतिदिन राष्ट्रगान के पश्चात कार्यालय का कार्य प्रारंभ होगा।



एसडीएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार यह लगातार शिकायत मिल रही है कि अनुविभागके कई कार्यालय समय पर नहीं खुल रहे हैं। कार्यालयों में कई अधिकारी कर्मचारी कार्यालीन समय पर उपस्थित नहीं हो रहे हैं। जिसके कारण शासकीय कार्यों को सम्पादित करने में विलम्ब हो रहा है। मैनपुर एसडीएम डॉ. तुलसीदास मरकाम ने सभी कार्यालय प्रमुखों को पत्र जारी कर आदेशित किया है कि अपने संबधित कार्यालय में प्रतिदिन सुबह 10:05 बजे राष्ट्रगान करने के पश्चात ही कार्यालय का कार्य शुरू किया जाएगा। इस दौरान एसडीएम मैनपुर द्वारा कार्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण भी किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान यदि इस आदेश की अवहेलना करते हुए पाये जाने पर संबधित अधिकारी कर्मचारी के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# टंकी बनी और पाइप बिछा, फिर भी गिरोला में जलसंकट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

- अधिकारियों की लापरवाही उजागर, महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर

ग्राम पंचायत गिरोला में पेयजल की गंभीर समस्या उत्पन्न हो गई है। यहां की महिलाएं दूर दराज से पानी लाने मजबूर है । ऐसा नहीं है कि शासन ने यहां उक्त समस्या के समाधान के लिए कोई कार्य नहीं किया है बल्कि लाखों रुपए की राशि स्वीकृत होने एवं पानी टंकी लाइन विस्तार के बावजूद पीएचई की अफसरों की लापरवाह कार्य शैली से पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं।

जानकारी के अनुसार शासन के जल जीवन मिशन अंतर्गत रेट्रो फिटिंग जलप्रदाय योजना के तहत ग्राम गिरोला में 58.13 लख रुपए की लागत से 50 हजार लीटर की क्षमता वाली पानी टंकी का निर्माण एवं पाइप लाइन विस्तार किया गया है



लेकिन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग के अधिकारियों की लापरवाही से अब तक पानी सप्लाई नहीं हो रही है बताया जाता है की 200 फीट वाली गहरी बोर में 110 फिट तक पाइप डाला गया है जिसकी वजह से पानी नहीं आ रहा है गांव के भाटापारा जहां पर बोर एवं पानी टंकी का निर्माण किया गया है वहा भी पेयजल की समस्या ने विकराल रूप ले लिया है । गांव मे गिने चुने ही हैंडपंप है उसका भी जलस्तर नीचे आ गया है उसी के भरोसे सैकड़ो परिवार का काम चल रहा है यही हाल यहां के वार्ड नंबर 14 का है यहां इस क्षेत्र के जनपद सदस्य भी निवास करते हैं वहां के रहने वाले काफी दूर से सर में गुंडी(पानी रखने का पात्र) रखकर पानी लाने विवश है वार्ड की निवाड़ी बघेल सुखाम बघेल , बुधियारीन, बिंदिया गायत्री हिच्छा राम ,नानहु, बालक दास चैतराम ने बताया कि पी एचई अधिकारी दीपक कोहली से कई बार मिन्नतें करने के बावजूद इस समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया गया वार्ड के प्रमुख नागरिकों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को लिखित ज्ञापन के माध्यम से समस्या की त्वरित समाधान करने की मांग किया गया है वही समस्या का निदान न होने पर संघर्ष का रास्ता अपनाने की बात कही गई है।

### बिजली की समस्या

इस संबंध मे पीएचई एसडीओ दीपक कोहली ने बताया कि इलेक्ट्रिक की समस्या के कारण यह स्थिती पैदा हुई है जिसे सुधरवाने के बाद पानी की सप्लाई होने लगेगी।

# मोदी-3 सरकार मजबूत इरादों वाली सरकार है





**नवापारा-राजिम।** जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता अशोक बजाज ने नई दिल्ली में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा यादव एवं हर्ष मल्होत्रा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री से पृथक-पृथक भेंटकर तीसरी बार मोदी सरकार के गठन एवं नई सरकार में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर बधाई दी। श्री बजाज ने कहा कि मोदी-3 सरकार मजबूत इरादों वाली सरकार है। सभी चयनित मंत्रीगण विकसित भारत के निर्माण के लिए कटिबद्ध है।



**दाल, चावल, तेल सभी के दामों में आया उछाल**

# महंगाई से हर कोई त्रस्त, घर चलाना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम।

- आलू- प्याज सहित सब्जियां भी रूला रहीं हैं

बढ़ती महंगाई से आज हर परिवार न केवल परेशान है बल्कि बहुत ही त्रस्त भी। नाजायज तरीके से जिनके पास पैसे की आवक-जावक है उन्हें इससे कोई फर्क नही पड़ता। परंतु रोज कमाने-रोज खाने वालो को इससे बहुत ज्यादा फर्क पड़ रहा है। गृहणियों के तो हालत बैंड है। वैसे महंगाई का रोना हर कोई रोता है और यह स्वाभाविक भी है। जो चना दाल 60-70 रुपए में मिलता था। वह आज 90 रूपए हो गया है। बात यदि राहर दाल की करे तो 60 से बढ़कर 100 रुपए हो गई है। अब तो यही दाल 180 रूपए किलो है। कमोवेश मूंग दाल 80 की जगह 120,मसूर दाल 60-65 की जगह 80, उड़द दाल 80 की जगह 120-130 ,चना की बात करे तो ये भी 50 रूपए से 80 रूपए पहुंच गई है। यहां तक कि चांवल में भी काफी उछाल आ गया है। अधिकतर ढाबा और होटल वाले तथा गरीब किस्म के लोग खंडा चांवल का यूज ज्यादातर करते है। ये भी 26 रुपए से 40 रुपए पहुंच गया है। तेल का पाऊच भी बढ़ गया है। 200 ग्राम का हल्दी मिर्च 50 से 65 रुपए हो गया है। पांच किलो का आशीर्वाद आटा पैकेट 170 से 220-225 हो गया है। कमल आटा 130 से 160,आलू प्याज भी कम नहीं रूला रहा है। यही हालत सब्जियों की भी है। भाजी से लेकर कोचई और कटहल तक, बरबट्टी से लेकर परवल और गोभी तक भाव बढ़े हुए है। हरे मिर्च,टमाटर और धनिया पत्ती भी आसमान छू रहे हैं। मतलब यह है कि लोग जितना कमा रहे है वह कुछ बच नहीं रहा है। सारा पैसा किराना और सब्जी में ही जा रहा है। यदि पीने वालो की बात करें तो वे शाम की व्यवस्था के लिए 100-150 रुपए अलग से बचाकर अपनी जेब में रख लेते है। पत्नी को कम कमाना बताते है।





### कम मार्जिन लेकर बेचते हैं: व्यापारी

कुछेक किराना व्यापारियो से बात किया गया उन्होने बताया कि वास्तव में गृहस्थ जीवन चलाना बड़ा मुश्किल का काम हो गया है। हर समान के भाव बढ़े हुए है। ऊपर से जो समान वे मंगाते है उसे कम मार्जिन लेकर ही बेचते है। बताया कि सौंदर्य प्रसाधन के कीमतों में ज्यादा बढ़ोत्तरी नहीं हुई है। तेल का भाव भी कम हुआ है। पहले तो यही तेल टीपा 2400 रुपए हो गया था जो अभी 1650 के आस-पास है।

### पूरी कमाई हो जा रही खर्च

कुछ गृहणियों से इस संबंध में जब पूछा गया तो उन्होंने साफ कहा कि महंगाई की मार से हलाकान है। जितनी कमाई होती है सब उसी में चला जाता है। कुछेक गृहणियों ने यह भी बताया कि कमाई का आधा से ज्यादा हिस्सा केवल राशनपानी और सब्जी में चला जाता है। बचा-खुचा पैसा स्कूटी के पेट्रोल भराने में,मोबाइल को रिचार्जिग कराने में,मेडिकल से दवाई लेने में और कहीं-कहीं छट्टी-शादी में गिफ्ट देने में निकल जाता है। कुछेक मजदूर परिवार की माताओं से पूछा गया तो उन्होने बिना छिपाए बताया कि मिस्टर कमाते भी है तो 100-150 तो अपने जेब में अलग से छिपा कर रख लेते हैं क्योंकि उन्हें शाम को इंजाय करना और थकावट मिटाना होता है। जो पैसा देते हैं उससे ले दे करके घर चलता है।